हरिभूमि
# विराट भूमि
जबलपुर, शनिवार 21 जून 2025
login : www.haribhoomi.com
[ शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर ]


## खबर संक्षेप

### संगठन सृजन अभियान के तहत बाणसागर में हुई रायशुमारी



**शहडोल।** कांग्रेस द्वार मध्यप्रदेश मे संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि जिला कांग्रेस कमेटी को सशक्त बनाना और संगठन को प्रभावी ढंग से पुनर्गठित करना, जिसके के तहत शुक्रवार को एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल एवं पीसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक श्रीमति कल्पना वर्मा द्वारा बाणसागर मे काँग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर रायशुमारी की गई। एआईसीसी पर्यवेक्षक विवेक बंसल शनिवार को जिला मुख्यालय मे सुबह 10 बजे से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों मुलाकात करेंगे। रायसुमारी मे पर्यवेक्षकों के साथ जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी उपस्थित रहे।

### बस ड्राइवर की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**शहडोल।** जिले के बाणसागर क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब रीवा से शहडोल की ओर जा रही नफीस ट्रेवल्स की यात्री बस एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गई। यह घटना ग्राम रमपुरवा (बुढ़वा) के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर को बचाने के चक्कर में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही रमपुरवा के पास पहुंची, सामने से एक ट्रेलर तेज गति और लापरवाह ढंग से चला आ रहा था, आमने-सामने की स्थिति बनते देख बस ड्राइवर ने सतर्कता दिखाते हुए बस को सडक़ के किनारे करने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगडऩे से बस सीधे महुआ के एक बड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के आगे का कांच पूरी तरह टूट गया। हादसे के समय बस में करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। अचानक हुई घटना से यात्री घबरा गए और बस के भीतर चीख-पुकार मच गई, हालांकि, इस दुर्घटना में चमत्कारिक रूप से कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। कुछ यात्रियों को हल्की-फुल्की खरोंचें जरूर आईं, लेकिन सभी सुरक्षित हैं। बस में सफर कर रहे कुछ यात्रियों ने बताया कि ट्रेलर की रफ्तार बहुत अधिक थी और वह सडक़ के बीचोंबीच चला आ रहा था। यदि बस ड्राइवर समय रहते साइड में नहीं लेता, तो सीधी भिड़ंत हो सकती और बड़ा हादसा हो सकता था।

### आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होगा सामूहिक योगाभ्यास

**शहडोल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशि प्रभा पांडे ने बताया कि 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (''थीम-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'') 21 जून को संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.30 से 6.40 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा, सुबह 6.40 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा, सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा।

### आज होगा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**शहडोल।** अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिले में जिला मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतो, जनपद पंचायतो, महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक जैतपुर श्री जयसिह मरावी के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में प्रातः6 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### गौसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गौरव मिश्रा हुए सम्मानित

# शहडोल के गौरव को मिला आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान

**शहडोल।** प्रदेश स्तरीय गौशाला सम्मेलन में शहडोल के गौरव को मिला आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान से मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा परिसर में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित गुरु गुणानुवाद सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि आचार्य श्री का अलौकिक व्यक्तित्व हम सभी को सद्गुणों और आदर्शों की दिशा में प्रेषित करता है, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुनि प्रमाण सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर पूज्य गुरुदेव के आदर्शों एवं संस्कारों को नमन किया, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संभागीय मुख्यालय शहडोल स्थित अटल कामधेनु संस्था, कल्याणपुर के समर्पित गौसेवक गौरव मिश्रा को वर्ष 2022-23 के आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान योजना अंतर्गत व्यक्तिगत पुरस्कार





प्रदान कर सम्मानित किया गया।
यह सम्मान श्री मिश्रा द्वारा वर्षों से गौसेवा, संरक्षण एवं जनजागरण के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों के लिए दिया गया है। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री से गौसेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हाइड्रोलिक गौ-एम्बुलेंस की सुविधा, गोवंश के लिए वनविहार जैसी संरक्षित व्यवस्था, पशु तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता एवं त्वरित कार्यबल की व्यवस्था के लिए सहयोग की मांग भी रखी। प्रदेश के मुखिया ने इन सुझावों को सहदयता से स्वीकारते हुए शीघ्र ही संबंधित विभागों से विचार-विमर्श कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस उपलब्धि पर शहडोल संभाग के सभी पशुप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौसेवा संस्थाओं में हर्ष की लहर है।

गौरव मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुओ के संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर रही है और गौवंश सेवकों का सम्मान करती है। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान से सम्मानित किया गया, इसके लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। ज्ञातव्य है कि गौरव मिश्रा एवं उनकी टीम के अन्य सदस्यों द्वारा निराश्रित गौवंशों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। श्री मिश्रा द्वारा गर्मियों से मौसम में निराश्रित मवेशियों के लिए नाद, पशु पक्षियों के सकोरे, समय-समय पर घायल पशुओं का डॉक्टरों की सहयोग उपचार जैसे अन्य कार्य कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन के साथ करते है।

(हरिभूमि एक्सपोज)

# गांजे का हब बनी कोतवाली बेखबर या बिक गई वर्दी

**मुख्यालय में ही दर्जन से अधिक ठीहों पर गांजे की बिक्री**


घरौला तालाब, मुन्ना कबाड़ी के पीछे लाला

### पुलिस अधीक्षक की मंशा से दूर गली-गली बिक रहा गांजा

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय का कोतवाली और सोहागपुर थाना क्षेत्र नशेडिय़ों का हब बन चुका है, दर्जन भर से अधिक ठीहे तो, कोतवाली अंतर्गत शहर में ही हैं। यहां आसानी से गांजा बिकता है, थोक कारोबारी गांजा पहुंचाते हैं और चौराहों से लेकर तंग गलियों गांजे के छल्ले उड़ते हैं। वर्दी या तो इससे बेखर और अपनी मस्ती में मस्त है या फिर बीट प्रभारियों ने वर्दी को बेच कर वरिष्ठों को अंधेरे में रखा हुआ है। महानगरों की तर्ज पर संभागीय मुख्यालय में हर तरह का नशा अब सुलभ हो चुका है, शिकायत पर पुलिस कभी पहुंचती है, तो कभी आरोपी थाने तक आते हैं, 10 में एक मामले में ही बमुश्किल एफआईआर हो पाती है, खासकर गांजे जैसे सस्ते नशे में पुलिस और बीट प्रभारी तथा कोतवाल तक कार्यवाही के झमेले में नहीं पडऩा चाहते, जिसका सबसे बड़ा कारण लंबी लिखा-पढ़ी और गवाहों को न्यायालय के फैसले तक अपने पक्ष में रखना भी है, यही कारण है कि कहीं पुलिस की लापरवाही और कहीं बीट प्रभारियों के संरक्षण से गांजे जैसे गंदे नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है, इस नशे में शहर की युवा पीढ़ी और मजदूर वर्ग बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं। शहर में चल रहे नशे के अवैध धंधे के खिलाफ हरिभूमि की टीम ने कारोबारियों के चेहरे सामने लाने के लिए उनसे नशे की खरीद भी की।

#### मामला नंबर 01

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घरौला तालाब के समीप तंग गली में गांजे की बिक्री अर्से से हो रही है, इस क्षेत्र के बीट प्रभारी को इसकी खबर है या नहीं, यह तो वहीं जाने, लेकिन स्थानीय गांजा प्रेमियों का यहां पूरे दिन जमघट लगा रहता है, गांजा वाले लाला भईया के नाम से कोई भी व्यक्ति आसानी से इनके घर तक पहुंच सकता है, 50 रूपये पुडिय़ा से कारोबार शुरू होता है और नशेड़ी की औकात तक यहां गांजा उलब्ध रहता है। गांजा प्रेमी बताते हैं कि सामने चार से छः पुडिय़ा बंधी हुई रखी रहती है, बाकी घर के आंगन या अन्य स्थान या कच्ची मिट्टी खोदकर उसमें नीचे गांजा दबाकर स्टॉक किया गया है।







#### मामला नंबर 02

निर्माणाधीन दो मंजिला ईमारत जो कोतवाली के घरौला मोहल्ला हनुमान मंदिर के पास ही स्थित है, यहां बंटी चच्चा नामक व्यक्ति इस कारोबार में अर्से से लिप्त है, गांजे की बिक्री का जिम्मा घर के बच्चों को दिया गया है। चच्चा पर्दे के पीछे से पूरी व्यवस्था करते हैं, बड़े ठीहों से गांजे को लाना और मूल्य के हिसाब से पुडिय़ा बनाकर अलग-अलग स्थानों पर रखने में चच्चा व्यस्त रहते हैं, इसके अलावा घर से बाहर पुलिस की सेटिंग और गांजा प्रेमियों को यहां बुलाना और उन पर नजर रखना चच्चा के ही जिम्मे है।

#### मामला नंबर-03

कोतवाली से महज कुछ सौ मीटर दूर अंडर ब्रिज के समीप स्थित ठीहे पर गांजा 24 घंटे उपलब्ध रहता है, वैसे भी यह क्षेत्र गांजे के अलावा नशीली दवाओं की बिक्री के लिए जाना जाता है, शाम होते ही नशेडिय़ों का जमघट और असामाजिक तथा आपराधिक घटनाओं को कई बार अंजाम दिया जा चुका है, यहां भी गांजे के ठीहे पर बिक्री की जिम्मेदारी महिला ने अपने हाथों में ले रखी है, बताया गया कि किसी आरोप में पति को न्यायालय से जेल भेजा जा चुका है, बावजूद इसके समाज को गांजे जैसी बुराई परोसने में परहेज नहीं की जा रही।


बस्ती रोड अंडर ब्रिज


न्या बस स्टैण्ड

#### मामला नंबर-04

संभाग के सबसे बड़े बस अड्डे के समीप स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकान के ठीक बगल से जाने वाली तंग गली बीते कई महीनों से गांजे की गंध में डूबी हुई है, एक तरफ शराब की दुकान में शराबियों का जमघट, दूसरी तरफ गांजे के कश लगाते हुए बस अड्डे के तमाम बदमाश एक साथ नजर आते हैं। वैसे भी बस स्टैण्ड में पूरे क्षेत्र के असमाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है, सस्ते नशे के लिए कुली से लेकर रिक्शा चालक, जेब कतरे और मजदूर वर्ग के साथ अब युवा भी बड़ी संख्या में तथाकथित ठीहे पर गांजे के कश लगाते हर समय सहज ही नजर आ जाते हैं।

#### मामला नंबर-05

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सौखी मोहल्ले में स्थित गांजे की बिक्री दद्दू नामक युवक द्वारा एक दो नहीं बल्कि कई वर्षो से की जा रही है, इस ठीहे पर दद्दू के साथ उसका बेटा गुड्डू भी पिता के कारोबार में हाथ बटाता नजर आता है, इस ठीहे पर गांजे की बिक्री की पुष्टि करने पहुंची टीम के सामने कुछ वर्दीधारी भी अपना हिसाब-किताब करते नजर आये। अन्य ठीहों की तुलना में गांजा प्रेमियों के बीच दद्दू के द्वारा बेचा जाने वाला गांजा अधिक विश्वसनीय माना जाता है।

# कोयला क्षेत्रों में 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर तैयारियां तेज़



### सीटू की क्षेत्रीय बैठक में व्यापक रणनीति पर हुई चर्चा, एकता और संघर्ष का आह्वान

**शहडोल।** संयुक्त श्रमिक संगठनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए कोयला श्रमिक संघ सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक सोहागपुर क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में हसदेव, जमुना-कोतमा, जोहिला सहित विभिन्न कोयला क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश महासचिव कामरेड प्रमोद प्रधान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मजदूर विरोधी काली श्रम संहिताओं को लागू करने पर आमादा है। केवल केरल राज्य ने अब तक इन संहिताओं को लागू करने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की व्यापक एकता और संघर्ष के माध्यम से ही इन नीतियों को रोका जा सकता है। कोयला श्रमिक संघ सीटू के महासचिव कामरेड वीएम मनोहर ने एसईसीएल कोयला उद्योग में हड़ताल की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हड़ताल श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम होगी।बैठक की अध्यक्षता कोयला श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार निराला ने की। संचालन सीटू के जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय सचिव कामरेड अरुण गौतम ने किया।इस अवसर पर कामरेड अमृतलाल विश्वकर्मा, इंद्रपति सिंह, रामू यादव (अनूपपुर), विनोद राय, एसडी सिंह, अनिल शर्मा, आरएस यादव, मंगलू राम साहू, राजेश पटेल, धीरेन्द्र पांडेय, इंद्रजीत पटेल, नरेंद्र सिंह पटेल सहित सैकड़ों श्रमिक नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। बैठक में सर्वसम्मति से आह्वान किया गया कि 9 जुलाई 2025 को होने वाली आम हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाए और पूंजीपरस्त शासन की नीतियों का मजबूती से विरोध किया जाए।

# प्रस्फुटन वाटिका में किया गया पौधरोपण



**शहडोल।** हर घर पेड़ लगाओ, प्रकृति से प्रेम जताओं पर्यावरण का महत्व जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, हमें पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मिलकर कार्य करना होगा। यदि पयार्वरण स्वच्छ और संतुलित होता है तो जीवन भी सुखद और सुरक्षित रहता है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। पौधरोपण करने से न केवल हरियाली बढती है, बल्कि मिटटी का कटाव रूकता है, जीव-जंतुओ का आवास सुरक्षित होता है और वर्षा भी संतुलित होती है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सोहागपुर जिला शहडोल के तत्वाधान में प्रस्फुटन वाटिका ग्राम जोधपुर में टास्क मैनेजर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल ,दरियाब सिंह सूर्यवंशी एवं संभाग समन्वयक शहडोल भीम सिंह डामोर ,जिला समन्वयक विवेक कुमार पांडे द्वारा नर्सरी का निरीक्षण कर एक पेंड माँ के नाम अभियान अंतर्गत आम ,कटहल ,अनार एवं शमी का पौधे का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच श्री आदित्य प्रताप सिंह ,विकासखंड श्रीमती प्रिया सिंह बघेल ,नवांकुर संस्था से लोकनाथ नामदेव प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मदन नामदेव, अशोक नपित ,सूरज नापित ,शुभम श्रीवास ,सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी काजल नापित मंदिर प्रांगण के पुजारी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दो हादसों में दो लोगों की हुई मौत

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार शाम दो हादसों में दो लोगों की जान चली गई। पहले हादसे में एक बाइक सवार की मौत हुई, जबकि दूसरे हादसे में एक युवक खेत में काम कर रहे ट्रैक्टर के नीचे दबकर मारा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय उमेश पाठक अपनी बाइक से शहडोल की ओर जा रहे थे, तभी एक अन्य बाइक चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। इस हादसे में उमेश पाठक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों ने जब दुर्घटना की आवाज सुनी, तो वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। गोहपारू पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कहा कि हम मामले की गहन जांच कर रहे हैं और दूसरे बाइक सवार की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान लिए जा रहे हैं ताकि पूरे घटनाक्रम की सही जानकारी मिल सके।
दूसरी घटना केशवाही चौकी के रुपौला चितरौणी मोहल्ला में हुई जहां एक ट्रैक्टर खेत की जुताई का कार्य कर रहा था। ट्रैक्टर चालक जब तेल लेने गया, तब उसके रिश्तेदार ने ट्रैक्टर के इंजन में बैठने का प्रयास किया। अचानक ट्रैक्टर चल पड़ा और इंजन पलट गया, जिससे राकेश चौधरी उम्र 26 वर्ष की मौत हो गई। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि राकेश ने पानी से बचने के लिए इंजन के बैठने का प्रयास किया और तभी ट्रैक्टर का इंजन चल पड़ा, जिसके नीचे दबने से युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो इंजन के नीचे युवक का शव दबा था, स्थानीय लोगों की मदद से इंजन को सीधा करवाया गया और युवक के शव को निकलवा गया। मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

# स्मार्ट लर्निंग मटेरियल तथा गुड प्रैक्टिसों को आपस में करे साझाः आयुक्त

**शहडोल।** शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नही किया जायेगा, संभाग में संचालित सभी स्कूले समय पर संचालित हो, सभी शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर कैलेण्डर के अनुसार पाठ्यक्रम संचालित करे, विद्यार्थियो की समस्याओ एवं शंकाओं का समाधान करे । कमजोर विद्यार्थियो पर नजर रखे तथा उनके लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करे । यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमति सुरभि गुप्ता ने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियो एवं अपनाई जाने वाली रणनीति की समीक्षा करते हुए संभाग के जिला शिक्षा अधिकारियो, सहायक आयुक्त जनजातीय विकास तथा डीपीसी को दिये । आयुक्त ने कहा कि जिन विद्यालयो के परीक्षा परिणाम औसत से कम रहा है तथा जिन विषय शिक्षको के परीक्षा परिणाम अच्छे नही रहे है उन पर कार्यवाही की जाये। संभाग के तीनों जिलों में जिन विषयों के परीक्षा परिणाम कमजोर रहा है, उनका जिला स्तर पर विश्लेषण किया जाय तथा उन विषयों के लनिंग मैटेरियल तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाए। संभाग के तीनों जिलों में आपस में समन्वय कर अच्छा शैक्षणिक मटेरियल तैयार कराया जाय तथा शिक्षण के क्षेत्र में गुड़ प्रैक्टिसो को आपस में साझा किया जाए, जिन स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रही हैं, उनके लिए भी विषयवार विशेषज्ञों से लेक्चर तैयार करायें जाए।




कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने कहा कि प्राथमिक स्तर से ही शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए, इसके लिए संबंधित अमला नियमित रूप से स्कूलों का भ्रमण करें तथा शिक्षकों को दिशा निर्देश जारी करें। स्कूलों में इन्टरनल मार्किंग गुणवत्ता के आधार पर की जाय। विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए,शिक्षक अभिभावको के सम्पर्क में रहकर विद्यार्थियों की शाला में उपस्थिति तथा उनके शैक्षणिक प्रगति से उन्हें अवगत कराते रहें। कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण कर लेने वाले विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से समन्वय किया जाय। कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाएं तथा कोचिंग की भी व्यवस्था की जाय।

बैठक के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिये कि स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण,लैब तथा पुस्तकालयों का बेहतर उपयोग किया जाए। अतिथि शिक्षक समय पर रख लिए जाएं, लेकिन यह प्रक्रिया निष्पक्ष होनी चाहिए। जनजातीय विभाग द्वारा संचालित एकलव्य विद्यालयों तथा कन्या शिक्षा परिसरों, संदीपनी विद्यालयों एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आये तथा छात्र प्रथम श्रेणी में आये के प्रयास किये जाय। आयुक्त ने चालू शैक्षणिक सत्र में कक्षा - 1 से लेकर कक्षा 6 वीं, 9 वीं तथा 11 वीं में नामांकन, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता तथा वितरण, गणवेश वितरण, लैपटॉप, स्कूटी, सामेकित तथा एमपी टास छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यवाहियां 10 दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए।

संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे ने बताया कि संभाग के तीनों जिलों में बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत वर्षों से बेहतर रहें और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए रणनीति तैयार की जा रही, जिसमें सघन मानीटरिंग, नियमित समीक्षा, पाठ्यक्रम सामग्री ,माडल पेपर आदि को समाहित किया गया है। सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने बताया कि एकलव्य विद्यालय जैतपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है, यहां एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा शेष सभी प्रथण श्रेणी में रहें हैं, जिसकी आयुक्त द्वारा सराहना की गई। सहायक संचालक संजय पांडे ने बताया कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम गठित कर पाठ्यक्रम सामग्री तैयार की जा रही है, जिसे अगस्त महीने से शालाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। सहायक संचालक जे.पी.नापित ने संभाग में जनजातीय विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होने ईव्हीएम कक्ष का अवलोकन किया । निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर रीता डेहरिया, राजनैतिक मान्यता प्राप्त दलों से धनुषधारी सिंह, राजीव सिंह बघेल, प्रदीप रजक नीरज यादव उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वितरित किया लाभ



**उमरिया।** जिले के ग्राम कोयलारी निवासी मुन्नी बाई का कैंसर बीमारी की वजह से आकस्मिक मौत होने पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रूपये का चेक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मृतिका के पति राम रतन यादव को सौंपा है। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी, मप्र ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक आनंद तिवारी, सहायक प्रबंधक आर सी गुप्ता सहित उनके परिवार जन उपस्थित रहे ।

### डीएलसीसी की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में नाबार्ड से आए अधिकारी विकास कुमार जैन द्वारा एग्री क्लिनिक और एग्री बिजनेस केंद्र ,अनुदान उक्त योजना को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई । योजना का कलेक्टर ने प्रसार प्रचार करने के निर्देश दिए । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ओहारिया , आर बी आई भोपाल से एलडीओ रामनागर , नाबार्ड से डीडीएम विकास कुमार जैन , क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शहडोल से क्षेत्रीय प्रबंधक अभय तिवारी, तथा जिले के संबंधित समस्त विभाग प्रमुख एवं समस्त शाखा प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

### जपं कोतमा में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के संबंध में बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जनपद पंचायत कोतमा के सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण एसएसजी 2025 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोतमा के.के. सोनी, जनपद पंचायत के अधिकारी, योजना प्रभारी एस.बी.एम. एवं अन्य विभागों के योजना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में एसएसजी 2025 के संबंध में चर्चा की गयी, जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के उद्देश्य और उनके नवीन घटकों एवं ग्राम पंचायत के लोगों की एसएसजी 2025 में भूमिकाओ एवं स्वच्छता सबंधी कार्यों के प्रचार-प्रसार हेतु बीसीसी गतिविधियों को संचालित करने एवं सर्वेक्षण की गतिविधियों के बारे में अपेक्षित भागीदारी को प्रोत्साहित करने के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में एसएसजी 2025 में जिले की रैंकिंग बढ़ाने हेतु सिटीजन फीडबैक देने के लिए मोबाईल एप पर भी विस्तृत चर्चा की गयी।

### सफाई एवं बीमारियों की रोकथाम के प्रयास

**कटनी।** वर्तमान गीष्म ऋतु के दौरान उत्पन्न होनें वाली मच्छरजनित एवं संचारी बीमारियों के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित नाले-नालियों की समुचित सफाई व्यवस्था के साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव भी किया जा रहा है।

## किसानों से वसूल रहे मनमाना पैसा

# बीज विक्रेता किसानों का कर रहे शोषण

**जयसिंहनगर।** खरीफ सीजन शुरू हो चुका है, कुछ क्षेत्रों में खरीफ फसलों के लिए बुवाई हो चुकी है, तो कहीं तैयारियां की जा रही है। किसान खाद-बीज खरीदने के लिए बीज विक्रेताओं के यहां पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि खाद-बीज की कई दुकानों पर मूल्य सूची नहीं लगी होने से व्यापारियों द्वारा किसानों से मनमाना दाम वसूला जा रहा है। खरीफ फसल की बोनी शुरू हों गई है, किसान दुकानों से बाजार में धान-बीज की खरीदी कर रहे हैं। बाजार में कई ऐसी दुकाने भी खुली हुई है, जिन्हें कृषि विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं हैं और जिन व्यापारी ने अनुमति ली भी है, उनके द्वारा अपने दुकानों में रेट सूची नहीं लगाई गई है। बीज के नाम पर भोले-भाले किसानों से मनमानी तरीके से पैसा वसूल रहे हैं, इसके साथ ही जीएसटी वाला पक्का बिल किसानों को नहीं दिया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा धान बीज भी लोकल नकली पैकिंग करके किसानों को बिक्री की जा रही है। कृषि विस्तार अधिकारी जयसिंहनगर को यह तक जानकारी नहीं है कि उनके क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत कितने व्यापारी है, जिनके द्वारा धान बीज विक्रय किया जा रहा है।

### ठगी का शिकार हो रहे किसान

बीज विक्रेताओं द्वारा बिना मूल्य सूची के खाद-बीज बेचने का यह कोई नया मामला नहीं है। इस बारे में हर साल किसानों की ओर से शिकायत की जाती है, लेकिन त्वरित एवं उचित कार्रवाई नहीं होने से किसानों को हर साल इन्हीं समस्याओं से जूझना पड़ता है। जयसिंहनगर क्षेत्र के किसानों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कई दर्जन से अधिक खाद-बीज की दुकानें हैं, लेकिन कहीं भी मूल्य सूची नहीं लगी है, जयसिंहनगर क्षेत्र में तो हालत बहुत ज़्यादा खराब है। किराना दुकानों की तरह खुली खाद -बीज की इन दुकानों में कृषि




विभाग के किसी भी नियम का पालन नहीं किया जाता है। इस कारण किसान ठगी का शिकार हो जाते हैं।

### यह कहते हैं कायदे

बीज दुकान के थोक एवं फुटकर व्यवसायी को अपने सूचना पटल पर अनुज्ञापन प्रमाण-पत्र, खाद, बीजों की मूल्य सूची, स्कंध की जानकारी और भण्डारण क्षमता को बोर्ड पर प्रतिदिन अंकित करना अनिवार्य है। यदि कोई विक्रेता ऐसा नहीं करता है और मूल्य सूची से अधिक दाम पर कृषि सामग्री बेचता है तो, उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अनुज्ञापन प्रमाण-पत्र ( लाइसेंस ) निरस्त करने का प्रावधान है।

### नाप तौल विभाग भी शामिल

किसानों के हितों के संरक्षण के लिए सरकार ने कृषि विभाग के साथ ही राज्य के नापतौल विभाग को भी जांच में शामिल किया है। नापतौल विभाग द्वारा भी खाद -बीज एवं कीटनाशक की दुकानों में विधिक माप विज्ञापन अधिनियम 2009 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करनी है। वहीं कृषि विभाग द्वारा भी बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज़ करना है, लेकिन जिले में दोनों ही विभाग किसानों के प्रति गंभीर नहीं है, बीते दो से तीन वर्षो में कितनी जांच हुई और कितनों पर विभाग द्वारा कार्यवाही की गई, अगर इसकी जांच हो जाये तो, पूरा मामला स्पष्ट हो सकता है।

### जनप्रतिनिधियों को सरोकार नहीं

किसानों के लिए बीज न केवल खेती का आधार है, बल्कि उनकी आजीविका और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। नकली बीजों और मुनाफाखोरी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर रही है। जिले के नौकरशाहों किसानों के प्रति कितने सजग यह हैं, यह किसी से नहीं छुपा है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी वोट लेने के बाद इनसे कोई सरोकार नहीं है, वर्तमान में जिले का लगभग हर किसान बीज दुकानदारों से यह कह रहा है कि बीज अच्छा देना, शासन ने गाइड नकली बीज न बेचने की हिदायत दी है, लेकिन इन सबके बीच जनप्रतिनिधि कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, पक्ष हो या विपक्ष दोनों को ही किसान की अजीविका से कोई सरोकार नहीं है, हालाकि बीते दिनों सत्ताधारी दल के नेता शिकायत सौंपकर कोरमपूर्ति की थी। शिकायत में क्या हुआ, क्या हो रहा है, संभवतः इसे जानने का प्रयास नहीं किया गया।

## युवा संगम रोजगार मेला कार्यक्रम संपन्न

# रोजगार से जुडने के लिए रोजगार मेला सुनहरा अवसरः डिप्टी कलेक्टर






### मेले में 67 युवाओं को उपलब्ध कराया गया रोजगार

**उमरिया।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार से जुडऩे के लिए युवा संगम रोजगार मेला सुनहरा अवसर है। मेले के माध्यम से युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। उक्त आशय के विचार डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी ने आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार से जुडक़र अपनी जीविकोपार्जन करें तथा अपने चित परिचितों को भी युवा संगम रोजगार मेले की जानकारी प्रदाय करते हुए उन्हें भी रोजगार से जोड़े ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्श महाविद्यालय के प्रोफेसर अभय पांडेय ने कहा कि बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार मेला किसी वरदान से कम नही है । जहां विभिन्न कंपनियां एक छत के नीचे उपस्थित रहकर सभी का साक्षात्कार करती है और उन्हें योग्यता अनुसार रोजगार मुहैया कराती है । उन्होने उपस्थित जनों से आग्रह करते हुए कहा कि काम के साथ साथ अपने अंदर हुनर को पैदा करें , यदि आपके पास हुनर रहेगा तो जीविकोपार्जन करने मे किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा । बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक कदम सरकार ने बढ़ाया है, जरूरत है एक कदम आपको बढ़ाने की।



जिला रोजगार अधिकारी अमन दुबे ने कहा कि माह के तीसरे शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है । जिसमें विभिन्न कंपनियों को बुलाया जाता है । युवक एवं युवतियां कंपनी व्दारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए रोजगार प्राप्त कर सकते है । कार्यक्रम में मोबाइल पे कंपनी से आये श्री सुरेश ने युवाओं को मोबाइल पे के बारे बताते हुए कहा कि मोबाइल पे एक पेमेंट गेटवे एप्लीकेशन है जिसका उपयोग करने पर सभी प्रकार के लेन देन पर कैशबैक मिलता है । इसके साथ ही उन्होने मोबाइल पे को डाउनलोड करने के तरीके तथा उसके उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य कंपनियों व्दारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए । मेले में मोबाइल प्ले में 37 युवाओं को , प्रथम एजुकेषन जबलपुर में 20 युवाओ को तथा सहयोग माइक्रो फायनेंस कंपनी दिल्ली में 10 युवाओं को रोजगार दिलाया गया । मेल मे एलआईसी उमरिया, रिलायंस उमरिया की कंपनी ने प्रतिभाग किया। मेले में भाग लेने आए युवक , युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी स्वास्थ्य विभाग की टीम व्दारा किया गया।

इस अवसर पर नियाज अहमद अंसारी, गरिमा शुक्ला, जिला समन्वयक आर के एस के बुध्दराम रहंगडाले, आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र से नवीन कुमार दुबे, जिला प्रबंधक सीएससी राज कुमार कुशवाहा सहित युवक एवं युवतियां उपस्थित रही।



### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, उमरिया पुलिस,नगर पालिका परिषद पाली के सहयोग से युवा टीम उमरिया के द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पाली एसडीओपी डॉ शिवचरण बोहित,पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष पं.प्रकाश पालीवाल, की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 02 मई से 10 जून तक चले समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियां जैसेकृ ड्राइंग, पेंटिंग, जूडो कराटे, सुंदरलेखन, स्पोकन इंग्लिश, योगाभ्यास सूर्य नमस्कार फुटबॉल क्रिकेट बैडमिंटन वॉलीबॉल, सांस्कृतिक नृत्य,गीत, खो खो, आदि का समावेश किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर के 12 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया एवंि शिवर के प्रतिभागी रहे 100 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित ने कहा कि पूरी निष्ठा व लग्न से निर्धारित किया गया लक्ष्य और उस पर परिणाम की चिंता किए बिना की गई मेहनत कभी असफल नही जाती। उन्होने कहा कि खिलाड़ी कभी भी हर नही मानता, यह खिलाड़ी की विशेषता होती है।कैम्प संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि उक्त ग्रीष्मकालीन शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होने बताया कि उक्त शिविर में अनुभवी कोच द्वारा खिलाडिय़ों को क्रिकेट,फुटबॉल,खो खो व आदि खेल की बारिकियों से अवगत करवाते हुए धैर्य बनाकर खेलना सिखाया गया।कैम्प बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को बेस्ट पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ,हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,नेहा सिंह,पलक सिंह,आरुष शिवहरे,अतिव्य रजक,शुभम पटेल,आस्था सिंह तोमर,कृष्णा देवी बैगा,रुद्र प्रधान,एवं सैकड़ों की विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय कोतमा में परीक्षा का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 19 जून को शासकीय महाविद्यालय कोतमा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित CMCLDP परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें टास्क मैनेजर दरियाब सिंह सूर्यवंशी, संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर, जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्ही. के. सोनवानी, विकासखण्ड समन्वयक सरिमन साकेत शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, अनुशासन और पारदर्शिता का सभी के द्वारा मूल्यांकन किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने परीक्षा की प्रक्रिया को संतोषजनक बताया और परीक्षा केंद्र पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण उपरांत सभी अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण के महत्व और वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रेरणादायक बातें भी साझा की गईं।



### जैतहरी में भी आकस्मिक निरीक्षण

शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें टास्क मैनेजर दरियाव सिंह सूर्यवंशी, संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर, जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय जैतहरी के प्राचार्य डॉ. रमेश सिंह वाटे विकासखण्ड समन्वयक फत्ते सिंह शामिल रहे निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, अनुशासन और पारदर्शिता का सभी के द्वारा मूल्यांकन किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने परीक्षा की प्रक्रिया को संतोषजनक बताया और परीक्षा केंद्र पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण उपरांत सभी अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण के महत्व और वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रेरणादायक बातें भी साझा की गईं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज आयोजित होगा सामूहिक योगाभ्यास

### सामुदायिक भवन उमरिया, जैव विविधता केंद्र, में होगा योग

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। भारत सरकार व्दारा इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामुदायिक भवन उमरिया, जैव विविधता केंद्र में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया है । उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक जनप्रतिनिधियों का एकत्रीकरण एवं उदबोधन , सुबह 6.30 से 6.40 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.40 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, स्वयं सेवी संस्थाओं, गणमान्य नागरिको से अपील की है कि वे आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## ग्राम पंचायत सकोला में तालाब का किया गया गहरीकरण



**हरिभूमिन्यूज जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत बदरा सकोला में इन दिनों तालाब का कार्य एवं खुदाई एवं सौंदर्यकरण का कार्य बहुत ही तेजी से चल रहा है जिससे बरसात की पानी तालाब में भर सके और आसपास के क्षेत्र में पानी का जलस्तर बढ़ सके जिससे तालाब गर्मी को दिनों में सुख जाते हैं तो मवेशियों को पानी पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि तालाब गहरीकरण एवं सुंदरीकरण के कार्य से लोगों को आए दिन बानी पानी की समस्या से निजात मिलेगी एवं मवेशी एवं पशु और ग्रामीण जनों के विस्तार होगा बताया जा रहा है कि स्वर्गीय सीताराम विश्वकर्मा जो एक समाज सेवक का कार्य करते थे बताया जा रहा है कि सीताराम विश्वकर्मा लोगों की भलाई के लिए अपने निजी जमीन में तालाब का निर्माण कार्य कर कर लोगों को पानी की समस्या को दूर किया था और आज ही इस तालाब का ग्राम पंचायत सकोला के द्वारा गहरीकरण का कार्य चल रहा है जिस कार्य को देख उनके पुत्र राजेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा किया जा रहा है। राजेंद्र विश्वकर्मा का कहना है कि यह तालाब का गहरी और सादरीकरण इसलिए कराया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में यह तालाब सूख जाता था जिससे लोगों को एवं पशुओं पक्षियों को पानी की समस्या पढ़ रहा था इसलिए मेरे द्वारा ग्राम पंचायत के जिम्मेदार नागरिकों को बोलकर मेरे निजी तालाब को ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा सौंदर्य एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है जिससे लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी और साथ ही तालाब के आसपास के लोगों को सिंचाई करने के लिए पर्याप्त मात्रा में भी पानी मिल सकेगी जिससे किसानों को समय से बारिश नहीं होने के कारण पानी न मिलने से फसल सूख जाती थी जिस कारण अब तालाब का गहरीकरण हो जाने से तालाब में पानी का जल भराव बना रहेगा जिससे अब किसान आसपास के तालाब के पास के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाएगी और पानी की समस्या भी दूर हो सकेगी।

## काली फिल्म लगी गाड़ियों एवं हूटर लगे वाहनों पर की गई सख्त कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** काली फिल्म एवं हूटर लगाकर 5 दिनों पूर्व शराब माफिया के गुर्गो द्वारा फिल्मी स्टाइल मे बोलेरो गाड़ी से 22 वर्षीय युवक अमन नामदेव को हत्या के इरादे से कुचल कर मार डालने की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया था। जिस घटना के बाद से पूरे नगर में भारी तनाव एवं आक्रोश का वातावरण निर्मित था मामले के बाद पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान के द्वारा काली फिल्म लगी गाड़ियों एवं हूटर लगे वाहनों पर सख्त कार्यवाही के आदेश जारी किए गए। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के द्वारा पुलिस टीम के साथ गुरुवार को नगर के विभिन्न वार्डों हाईवे व सड़कों पर घूमते हुए तीन काली फिल्म लगे वाहनों को जप्त कर थाने लाया गया बताया जा रहा की जप्त किए गए 2 वाहन शराब दुकान ठेकेदार के बताए जा रहे है। थाना प्रभारी रत्नमार शुक्ला ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हाइवे रोड, बस स्टैंड बाजार, मुखर्जी चौक, निगवानी रोड, भालूमाड़ा रोड सहित अन्य मार्गो पर चेकिंग अभियान चलकर सभी वाहनों को रोकते हुए हूटर एवं काली फिल्म को चेक किया गया। तीन गाड़ियों को जप्त करते हुए थाने लाकर चालक से ही काली फिल्म उतरवाई गई। 1500 रुपए की कुल चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस की कार्यवाही से चार पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। नगर मे लगातार चार पहिया वाहन चालकों के द्वारा काली फिल्म एवं हूटर लगाकर वाहनों का उपयोग करते नजर आ रहे थे साथ ही देर रात हूटर बजाकर लोगों में भय व्याप्त किया जाता है।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए दिये निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किए जाने के संबंध विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया है। कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अक्षत बुंदेला, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को नोडल अधिकारी एवं विवेक पाण्डेय, जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र, समस्त ब्लॉक मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय एवं गत वर्षों की भांति प्रसिद्ध मंदिर, ऐतिहासिक धरोहर, पुरातत्व महत्व के परिसरों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए नरेंद्र सिंह धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को नोडल अधिकारी तथा मुद्रिका सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नियुक्त किया गया है। नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी जिले में योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी कार्यक्रमों में विशेषकर जिला मुख्यालयों में सांसद, विधायक एवं क्षेत्र जनप्रतिनिधियों/ गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जावे, जिला मुख्यालय/खंड मुख्यालय में योग कार्यक्रमों संबंधित क्षेत्र के महाविद्यालय एवं विद्यालय के एन.सी.सी., एन.एस.जी., स्काउटस के बच्चों को कार्यक्रम में सम्मलित करने एवं पोस्टर, बैनर एवं बैकड़ाप आदि अन्य आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करेंगे, उक्त कार्यक्रम में एन.जी.ओ. एवं शैक्षणिक, सांस्कृतिक संस्थाओं भी सम्मलित की जावे, योगा कार्यक्रम भारत सरकार के प्रोटोकॉल अनुसार निर्धारित समय पर गरिमापूर्ण रूप से आयोजित किया जाएं।

### देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब सहित अवैध शराब जप्त



**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है, इसी कड़ी में थाना कोतवाली द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब सहित कुल 60 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है । 17 जून को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नैगमाटोला निवासी भईयालाल रजक अपने किराना दुकान व बगल बाले कमरे में देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे हुये है, पुलिस द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये हुये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई । आरोपी भईयालाल रजक के दुकान एवं बगल बाले कमरे की विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई, जिस पर दुकान से 01 प्लास्टिक की 10 लीटर की गैलन महुआ शराब से भरी एवं बगल बाले कमरे में 02 प्लास्टिक की 10 लीटर की गैलन महुआ शराब से भरी पाई गई इसके साथ साथ 03 नग कार्टून जिसमे से 02 नग कार्टून में कुल 100 पाव (18 लीटर) देशी प्लेन मदिरा एवं 01 नग कार्टून में 24 नग वीयर केन (प्रत्येक 500 एमएल) आरोपी के पास से पाई गई । आरोपी से आवश्यक वैध दस्तावेज चाहे गये जो प्रस्तुत न करने की स्थिति पर संपूर्ण देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब सहित कुल 60 लीटर अवैध शराब कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## योग से रहेंगे निरोग : आदित्य कुमार द्विवेदी एसईसीएल नौरोजाबाद महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजन की तैयारी



**बिरसिहपुर पाली: उमरिया --** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर साऊथ ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड जोहिला क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में मनाने की तैयारी की गयी है। इसके लिए आज तैयारियों का जायजा पाली समूह में पदस्थ सुरक्षा अधिकारी एंव योग शिक्षक आदित्य कुमार दूबे ने लिया। इस दौरान केन्द्रीय विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र -छात्राओं के साथ केन्द्रीय विद्यालय के विद्यालय परिवार के शिक्षकों की उपस्थिति रेंहगी। इसके साथ ही एस ई सी एल के श्रमवीर उपस्थित रेंहगे। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक जोहिला के प्रदीप साहू के साथ क्षेत्रीय अधिकारी गण मौजूद रेंहगे।

## संजू पटेल ने गणित विषय में अर्जित की पी.एच.डी उपाधि



**ब्यौहारी** शहडोल जिला के ब्यौहारी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खड्डा नाखाटोला के रहने वाले संजू पटेल पिता श्री डी.पी. पटेल (शिक्षक) ने डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी उपाधि पा कर अपने गांव क्षेत्र का ही नहीं बल्कि समूचे ब्यौहारी विकासखण्ड का नाम रोशन किया है। संजू पटेल ने अपनी शोध शिक्षा मध्यप्रदेश स्थित मध्यांचल प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी भोपाल से की, जिसके शोध निर्देशक विषय विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र गौतम, प्राध्यापक गणित एम.पी.यू.भोपाल एवं सह निर्देशक डॉ. रामनारायण यादव प्राध्यापक गणित विभाग एम.पी.यू.भोपाल के मार्गदर्शन में शोध विषय ₹उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु प्रमेय और उसके अनुप्रयोगों की जांच₹ पर प्राप्त की है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों एवं स्कोपस और एससीआई-इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रीति पटेल, प्रो-चांसलर डॉ.अजीत सिंह पटेल, रिसर्च डीन फैकल्टी ऑफ साइंस एंड आई. टी. डॉ.जी.एफ.अंसारी, डी.आर.सी.कॉर्डिनेटर डॉ.सतीश महोबे, विश्वविद्यालय के समस्त सम्माननीय प्राध्यापक गण, सहपाठियों ने शुभकामनाएं देते हुए शोध कार्य को सराहा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर (छ ग) में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत है, श्री पटेल के पिता भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नवाचारी शिक्षक के रूप में विधानसभा/राज्य स्तर पर कई बार सम्मानित हो चुके है।शिक्षित माता पिता ने उन्हें उच्च शिक्षा तक पहुँचाया, जिसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे। इस उपलब्धि से समस्त शिक्षक समुदाय परिवारजनों, ईष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शुभकामना प्रदान करते हुए खुशी जाहिर की है।

## खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में संपन्न हुई । कलेक्टर ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए विभिन्न विभागों राजस्व, पुलिस, वन,परिवहन, के साथ समन्वय कर संयुक्त रूप से कार्यवाही करने का अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि चिन्हित क्षेत्रों बुढ़वा, पपौध,बरकछ, बराछ,जरवाही,धनगवां तथा बिजौरी क्षेत्रों में संयुक्त टीम कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिले के सीमा से लगे वन क्षेत्रों, सोन घडियाल अभ्यारण्यों क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, एवं भंडारण पर कार्यवाही करने ई-चेक गेट ब्यौहारी से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में नम्बर प्लेट नहीं होने पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के माध्यम से कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। मानसून अवधि में उत्खनन, परिवहन, एवं भंडारण तथा कोयले के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया । पुलिस अधीक्षक ामजी श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त टीम की कार्यवाही को हर संभव सहयोग दिया जायेगा । बैठक में वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेंद्राम ,सोन घडियाल से सुधीर मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुपोषण मुक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कुपोषण मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में ऑगनवाड़ी केंद्रो में दर्ज बच्चों के वजन एवं लम्बाई के आधार पर कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हाकन कर लिया गया है। इन चिन्हित कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को जिले में संचालित पोषण पुर्नवास केंद्रों में भर्ती कराकर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने का कार्य किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी एनआरसी में क्षमता के अनुरूप सभी बेड भरे रहें। अभियान के दौरान जो बच्चें कुपोषित एवं अति कुपोषित श्रेणी में बार्डर की स्थिति में पाए गए है उन बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु पूरक पोषण आहार तथा होम टेक राशन का वितरण कराया जाए, उनकी मॉनीटरिंग की जाए कि उनके स्वास्थ्य में नियमित रूप से सुधार हो रहा है या नही। इसके साथ ही इन बच्चों का सिकल सेल टेस्ट भी कराया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान जगन्नाथ जी स्वामी की निकलेगी भव्य रथ यात्रा

**शहडोल।** भगवान जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा आयोजन समिति के माध्यम से नगर में विगत 100 वर्षों से शहर के नागरिकों द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा निकाले जाने की परंपरा प्रारंभ हुई थी, जो आज भी निरंतर जारी है। नगर के गणमान्य नागरिकों ने विगत दिवस बैठक का आयोजन कर यह सुनिश्चित किया की 27 जून को दोपहर 2.00 बजे पुष्प नक्षत्र महायोग जैसे अति विशिष्ट शुभ मुहूर्त पर भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी की भव्य रथ यात्रा मोहन राम मन्दिर शहडोल से प्रारंभ होगी।



यात्रा मार्ग मोहन राम मंदिर शहडोल से गणेश मंदिर बुढार चौक से वापस होते हुए गुरु नानक चौक, घरौला मोहल्ला, कमिश्नर बांग्ला, नर्मदा गैस एजेंसी, जय स्तंभ से वापस मुख्य मार्ग, चौपाटी , गंज रोड, सब्जी मंडी होते हुए न्यू गांधी चौक पुराना गांधी चौक शिवम होटल से जामा मस्जिद होते हुए पुराना गांधी चौक से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा पंचायती मंदिर पहुंचेगी। यहां पर दो दिवस भगवान विश्राम करेंगे, 29 जून 2025 को शाम 5 बजे भगवान जगन्नाथ पंचायती मंदिर से मोहन राम मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

एडवोकेट चंद्रेश द्विवेदी ने बताया की शहडोल नगर की सुख शांति वैभव के लिए भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है । नगर वासी भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा का पूरे साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं रथ यात्रा निकलते समय घर-घर पर दीप जला कर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा आराधना नगर वासियों द्वारा उत्साह के साथ की जाती है। आयोजन समिति अध्यक्ष गिरधर प्रताप सिंह, संयोजक प्रियम त्रिपाठी व पदम खेमका द्वारा यात्रा मार्ग को दुरुस्थ करने, यात्रा मार्ग मे बिजली के तार ऊपर उठाये जाने, संबंधी सूचना पत्र प्रेषित कर जल्द से जल्द यात्रा मार्ग को रथ यात्रा सुविधाजनक बनाये जाने के लिए जिला प्रशासन से आग्रह किया है।

## संभागीय समन्वयक ने प्रस्फुटन समिति के काम को परखा, सीखे स्वावलंबन के तरीके



**ब्यौहारी**-जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर एवं जिला समन्वयक विवेक पांडे ने व्यवहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खुटेहरा में प्रस्फुटन समिति की बैठक ली एवं उनको पौधारोपण करने नर्सरी तैयार करने के लिए प्रेरित किया ग्राम प्रस्तुत समिति के अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा ने संभागीय समन्वयक को आम के पेड़ दिखाएं जिसमें प्रस्फुटन समिति के द्वारा उन्नत किस्म के आम तैयार किया जा रहे हैं एक ही पेड़ में तीन तरह के आम को कलम बांध करके तैयार किया गया था बैठक में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए समिति को प्रेरित किया संभागीय समन्वयक ने प्रकृति प्रेमी मंगल सिंह से भी मुलाकात की पपडेरी के मंगल सिंह द्वारा नगदी फसल की खेती की जा रही है उनके द्वारा मसाले की भी खेती से लाभ कमाया जा रहा है जिला समन्वयक विवेक पांडे ने भी मध्य प्रदेश सरकार के अभियान एक पेड़ मां के नाम पर जानकारी दी उन्होंने कहा कि यह मध्य प्रदेश सरकार की पहला है इसके तहत समिति से जुड़े प्रत्येक सदस्य को एक पेड़ अपने मां के नाम पर लगाना है उसकी देखभाल करना बैठक में प्रमुख रूप से ऋतिक दास मिश्रा विजयपाल अध्यक्ष नव अंकुर संस्था, बाबूलाल कुशवाहा, रोहित कुशवाहा प्रेस्पुटेंस समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से हमला, दंपत्ति गंभीर रूप से घायल



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही में बुधवार रात जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो परिवारों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष में धन्नू यादव उम्र 44 वर्ष और उनकी पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों की मदद से दोनों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां वे इलाजरत हैं। पीड़ित धन्नू यादव ने बताया कि उनके घर से लगी निजी भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। बुधवार रात उसी विवाद को लेकर पड़ोसी घर आकर गाली-गलौज करने लगा और अचानक सिर पर टांगी से हमला कर दिया। जब धन्नू की पत्नी बीच-बचाव के लिए आई तो, उस पर भी हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार यह हमला पड़ोसी, उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर किया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों ने खनिज अधिकारियों से छुड़ाये वाहन

**अमलाई।** खनिज विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी जिले में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है, पत्थर- मुरूम अन्य खनिज के अलावा बड़ी मात्रा में रेत का अवैध खनन पूरे चरम पर है, उसे ना तो खनिज विभाग की रोक पा रहा है और न हीं करोड़ों का ठेका लेने वाली खनिज कंपनी ही। चचाई थाना अंतर्गत सोन नदी के तट से प्रतिदिन लाखों रुपए का खनिज अवैध रूप से उत्खन्नित किया जा रहा है और उसे खनिज माफिया आस-पास की मंडिय़ो में ऊंचे दामों में बेच रही है, ना तो खनिज अमला उसे अवैध खनन करते हुए पकड़ पा रहा है और न हीं मंडियों में पहुंच रही गाडिय़ों को ही रोका जा रहा है ।

बीते दिनों सूचना मिलने पर देर रात खनिज विभाग की टीम ने चचाई थाना अंतर्गत ग्राम केल्हारी से होकर गुजरने वाली सोन नदी से निकल जाने वाली अवैध रेत के खिलाफ जांच कार्यवाही की, इस दौरान अवैध रेत से लगे कई ट्रैक्टर और मेटाडोर तो फरार हो गए, लेकिन खनिज विभाग की महिला इंस्पेक्टर श्रीमती ईशा और उनकी टीम ने अवैध खनन से लदे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। आधी रात हुई इस कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग ने भले ही रंगे हाथों खनिज माफिया की एक ही गाड़ी को पकड़ा था, लेकिन उसमें भी वह धोखा खा गई, गाड़ी को छुड़ाने के लिए खनिज माफिया आधीरात को ही मौके पर लामबंद हो गया और फिर खनिज अधिकारियों को डरा धमका कर वहां से भगा दिया गया।

यही नहीं जब्त की गई गाड़ी भी विभाग के अधिकारियों से छुड़ा ली गई, डरे सहमें से खनिज विभाग के अधिकारियों ने चचाई थाने की शरण ली और इस संदर्भ में एफआईआर दर्ज कराई।

इस मामले में चचाई पुलिस ने खनिज इंस्पेक्टर श्रीमती ईशा की शिकायत पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध तो कायम कर लिया लेकिन पुलिस अभी भी इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने में असफल रही, जबकि खनिज विभाग के द्वारा स्पष्ट रूप से नाम का उल्लेख किया गया था, तथाकथित दबंग आज भी ग्राम केल्हौरी और चचाई में खुलेआम घूम रहे हैं। खनिज विभाग से मिले सूत्रों की माने तो जैसे थाने में पदस्थ कर्मचारी तथा कुछ अन्य बीट अधिकारियों ने पूरे अवैध खनन को संरक्षण दिया हुआ है, खनिज की टीम जब भी चचाई सोन नदी की ओर छापे के लिए गुजरती है तो, पुलिस और खनिज माफिया का खुफिया तंत्र उसे पर नजर रखता है और कार्यवाही होने और धरपकड़ से पहले ही वाहन किनारे कर दिए जाते हैं, पुलिस विभाग से मिले संरक्षण के कारण ग्राम केल्हौरी में संगठित आपराधिक गिरोह जन्म ले चुके हैं, जो भविष्य में गंभीर वारदातों को भी अंजाम दे सकते हैं, इस पूरे मामले में चचाई पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही न करने से तथाकथित लोगों के हौसले बुलंद हो चुके हैं, इस पूरे मामले में अनूपपुर के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा वरिष्ठ अधिकारियों से स्थानीय जनों ने क्षेत्र के अमन चैन के लिए बड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### गौशाला सम्मेलन में भाग लेने जिले से दल हुआ रवाना




भोपाल में मुख्यमंत्री गौशाला सम्मेलन शुक्रवार 20 जून को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए डॉ. आरके सोनी उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के नेतृत्व में 6 सदस्यीय पशु चिकित्सकों एवं स्टाफ के साथ जिले की 28 शासकीय एवं 3 स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं के 40 संचालकों एवं प्रतिनिधियों का दल रवाना कर दिया गया है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय से रवाना किया।

## धरती आबा जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर सह कार्यशाला संपन्न



**शहडोल।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दिनांक 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक जिले के 402 धरती आबा ग्रामों में जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम परिसर में आधार पंजीयन के साथ ही जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शिविर मे स्वास्थ्य विभाग से डॉ.रश्मि द्वारा सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को पीएम जन मन योजनान्तर्गत 9 मंत्रालयों की 11 योजनाओं एवं धरती आबा योजनान्तर्गत 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन एवं सेचुरेशन के बारे मे बताया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न ग्रामों से आये 67 जनजातीय हितग्राहियों के आधार पंजीयन के साथ ही आधार अपडेशन का कार्य किया गया।

## उर्वरकों का अवैध भंडारण एवं विक्रय करने पर दर्ज कराई गई एफआइआर

**अधिकारियों की टीम ने उर्वरक विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि कटनी के निर्देशानुसार नगर पंचायत बरही एवं ग्राम पंचायत खितौली में अनुभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती पूनम गर्ग एवं उनकी टीम द्वारा उर्वरक विक्रय संस्थानों का भौतिक निरीक्षण किया गया जिसमें उर्वरकों का भौतिक एवं उर्वरक मूल्य सूची बोर्ड की जांच की गई जिसमें कमी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया साथ ही उर्वरकों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया उपसंचालक कृषि कटनी के निर्देश अनुसार धानों के विक्रय केन्द्र कुछ सतत निरीक्षण के



दौरान शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी कृषि कटनी श्रीमती पूनम गर्ग तथा उनकी टीम द्वारा बरही तहसील के ग्राम बम्हौरी में औपचारिक निरीक्षण किया गया जिसमें मनोज साहू की किराना पर रामप्रसाद साहू ग्राम हथेड़ा द्वारा उर्वरकों का अवैध भंडारण करना पाया गया जिसका विक्रय अवैध रूप से किया जा रहा था विशेष को गंभीरता से लेते हुए टीम के द्वारा पुलिस चौकी खितौली में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

एसडीओ कृषि द्वारा कृषकों को जानकारी देते हुए बताया की खाद उर्वरकों को निर्धारित मूल्य पर खरीदें एवं दुकानदारों से बिल अवश्य प्राप्त करें विक्रेता द्वारा अगर मूल्य से अधिक एवं बिना बिल के मेमो के उर्वरकों एवं खादों का विक्रय किया जाता है तो किसान भाई कृषि विभाग से शिकायत करें उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। श्रीमती गर्ग की टीम में जे एस टेकाम उर्वरक निरीक्षक, एस के जैन एसएडीओ, पंचम गांठे कृषि विकास अधिकारी एवं राम अवतार दांगी कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज अमरकंटक व जिला मुख्यालय में आयोजित होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (थीम-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग) 21 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में तथा प्राचीन मंदिर समूह परिसर अमरकंटक में प्रातः 6 बजे से प्रातः 07:45 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग दिवस पर योग प्रशिक्षक द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए योग क्रियाओं के संबंध में जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया जाएगा। जिले के विभिन्न विद्यालयों तथा स्थानों पर भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेवासियों से सहभागिता की अपील की है।

### रक्षित केंद्र में आयोजित हुआ सामूहिक योग अभ्यास



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्व अभ्यास हेतु रक्षित केंद्र अनूपपुर में प्रातः 6 से 7 बजे तक योग अभ्यास का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पतंजलि संस्थान के योग प्रशिक्षक नयन मिश्रा द्वारा सभी नव आरक्षको को योग अभ्यास करवाया गया तथा योग का महत्व समझाते हुए बताया गया कि नियमित योग अभ्यास करना अत्यंत आवश्यक है योग करने से अनेक बीमारियां स्वयं समाप्त हो जाती हैं तथा हमारी रोग प्रतिरोधी क्षमता में वृद्धि होती है, इसे दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से अभ्यास करे।

### तुलसी कॉलेज में निबन्ध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना के द्वारा छात्र/छात्राओं और समस्त स्टॉफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और सभी से आव्हान किया गया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेगें और अपने परिवार, मित्रो, पड़ोसियों को भी नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करेंगे। इसके साथ ही ''नशा एक अभिशाप, युवा पीढ़ी का विनाश'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. सन्त, सहायक प्राध्यापक विनोद कुमार कोल, डॉ. हीरा सिंह, डॉ. सूरज पारवानी, डॉ. तरन्नुम सरवत और डॉ. ऋषिकेश चंद्रवंशी ने इस कार्यक्रम में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

### अतिक्रमण हटानें के लिए अभियान चलाकर की गई कार्यवाही

**कटनी।** नगर पालिका निगम, कटनी द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाकर नागरिकों के बेहतर आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थानों की सुगमता बनाए रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में सुभाष चैक से रेलवे स्टेशन तक मार्ग के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से की जा रही है ।

## पीने के पानी में बता रहे खराबी, कुएं की नहीं हुई सफाई

# अमरकंटक में पीलिया के प्रकोप ने ली 2 की जान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों कई परिवार में पीलिया बीमारी का प्रकोप है। कई वार्डो में पीलिया के मरीज बढ़ रहे हैं, जिनका उपचार चल रहा है। इसके साथ ही पीडित अन्य तरीकों जैसे झाड़-फूंक का भी सहारा ले रहे हैं। परिजन आसपास के चिकित्सालयों में जाकर उपचार करा रहे हैं। लोगों ने बताया है कि अमरकंटक में इस समय कई घरों में पीलिया के मरीज हैं। विगत दिनों अमरकंटक नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक-4 काटजू ग्राम के स्वर्गीय शिव नारायण पनारिया के युवा पुत्र रमेश पनारिया एवं पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया के भतीजे का इसी बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर ले जाया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसी तरह वार्ड-14 के कई घरों में पीलिया बीमारी के मरीज हैं, जो उपचाररत हैं।



### पानी में खराबी बता रहे कारण

वार्ड क्रमांक 14 के रहवासी कहते हैं कि खराब पानी के उपयोग से घर के ज्यादातर बच्चे बीमार हो रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारियों को पानी खराब होने के संबंध में कई बार ध्यान दिलाया गया कि पीने के पानी सप्लाई की टंकी और मोहल्ले में बना सार्वजनिक कुंआ बर्फानी रोड की सफाई और कुएं का मरम्मत कार्य जल्द कराया जाए। वार्ड के पार्षद दिनेश द्विवेदी द्वारा नगर परिषद के अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है, लेकिन प्रशासन द्वारा कुएं का सिर्फ पानी निकलवाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गए। कुएं की सफाई एवं मरम्मत कार्य की ओर ध्यान नहीं दिया गया। मरीजों के परिजनों का कहना है कि खराब पानी पीने से कुछ समय से बीमारी फैली है। नगर परिषद अमरकंटक के कर्मचारी बैजनाथ चंद्रवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि नगर में जो पानी सप्लाई की टंकी है उसकी सफाई कराई गई है। नल के माध्यम से पानी अनेक घरों में जाता है। कुछ लोगों की शिकायत है लेकिन पीलिया होने की वजह कुछ और हो सकती है।

### उपचार के लिए आ रहे मरीज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक के डॉ. रानूप्रताप सारीवान का कहना है कि पीलिया के मरीज कुछ समय से आ रहे हैं, लेकिन अमरकंटक में भी पीलिया से संबंधित परिजन आकर डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं। डॉ. सारीवान का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक दवाएं और सुविधा उपलब्ध हैं कहीं किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। आसपास के क्षेत्र से पीलिया के कुछ मरीज आकर उपचार करा रहे हैं। उन्होंने सलाह दी है कि मरीज आवश्यक सतर्कता और सावधानी बरतें, तरल भोजन का उपयोग करें मिर्च मसाला, हल्दी, नमक का उपयोग न करें, दूषित भोजन और दूषित पानी का उपयोग ना करें। चिकित्सक से परामर्श अवश्य लेते रहें।

## इधर गोविंदा, लहसुई कॉलोनी में मिट्टी एवं कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई

### इनका कहना है

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में उपस्थित लोगों से जानकारी लेते हुए गंदा पानी पीने से बीमार लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**डॉ. आरके वर्मा**
**मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी**
**अनूपपुर**

### इधर गोविंदा, लहसुई कॉलोनी में मिट्टी एवं कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई



एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के गोविंदा लहसुई कॉलोनी में तीन दिनों से श्रमिकों के आवासों में सप्लाई किए जाने वाला पानी मिट्टी एवं कीचड़ युक्त सप्लाई किए जाने से श्रम वीरों का परिवार पानी के लिए परेशान हो रहा है। एसईसीएल के द्वारा गोविंदा कॉलोनी में लगभग 3 करोड रुपए की लागत से फिल्टर प्लांट का निर्माण करवाया है और उसमें पानी फिल्टर करने के लिए मशीन भी लगाई गई है बावजूद इसके तीन दिनों से आवासों में कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई की जा रही है जो पीने योग्य भी नहीं है जिसके कारण तीन दिनों से श्रमिकों का परिवार पानी के लिए परेशान होकर इधर-उधर भटकता नजर आ रहा है। कीचड़ युक्त पानी पीने से यहां के रहवासियों का भी स्वास्थ्य बिगड सकता है। जानकारी लेने पर पता चला कि काफी दिनों से फिल्टर प्लांट में एलम की कमी होने के कारण पानी में एलम नहीं डाला जा रहा है जिसके कारण दूषित एवं मिट्टी युक्त पानी की सप्लाई हो रही है । इसका सबसे बड़ा कारण सामने यह आया है कि जमुना कोतमा क्षेत्र में बैठे अधिकारियों की लापरवाही के कारण एलम का टेंडर किए जाने में हीलाहवाली की गई जिसका खामियाजा श्रमिकों को भुगतना पड़ रहा है। फिल्टर प्लांट प्रभारी से जब भी संबंध में जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि एलम नहीं होने के कारण अपनी तीन दिनों से मिट्टी युक्त सप्लाई हो रही है।

## कानूनी जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार, ग्राम पंचायत पसला में नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीडितों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 के संबंध में एवं ग्राम पंचायत फुनगा में नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2024 के संबंध में, ग्राम पंचायत पाली में नालसा (एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2016 के संबंध में एवं ग्राम पंचायत पयारी क्र0-1 में नाालसा (आशा-जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाई) मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर 2025 के संबंध में कानूनी जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त



शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने शिविर में उपस्थित होकर उक्त योजनाओं के विषय में विस्तार से लोगों को अवगत कराया तथा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना, बाल विवाह निषेध, नेशनल लोक अदालत, यातायात नियम, नशा उन्मूलन एवं अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिविर में चीफ डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल शाबिर अली, पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती अमृतिया सिंह एवं मधु सिंह, ग्राम पंचायत रकसा से सरपंच उमा सिंह, सचिव राजेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम पंचायत फुनगा से ग्राम रोजगार सहायक रामरतन चौधरी, ग्राम पंचायत पाली से सरपंच फूल सिंह, सचिव सुनील मिश्रा, ग्राम पंचायत पयारी क्र0-1 से श्रीमती अमृतिया सिंह सरपंच तथा संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेसियों ने जिला चिकित्सालय में वितरित किए फल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन अनूपपुर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनाया गया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ भर्ती मरीजों को एवं उनके परिजनों को फल फ्रूट भेंट किया गया एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई गई।




जिला कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जनों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना की। राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशीष त्रिपाठी ने उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि वह शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है। कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी का जन्मदिवस जनसेवा एवं सामाजिक समर्पण के रूप में मनाया। न्याय योद्धा राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी, वासुदेव चटर्जी एडवोकेट, सावित्री त्रिपाठी, रियाज अहमद, रजन राठौर, सन्तोष राठौर, रामसजीवन गौतम, राघवेन्द्र पटेल,राजूराम पटेल, विवेक यादव, रवि राठौर, चन्द्रशेखर यादव,भूरा यादव, रामनारायण राठौर, रामकुमार राठौर, सचिन पटेल सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 20 जून को शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें टास्क मैनेजर दरियाव सिंह सूर्यवंशी, संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर, जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के व्यवस्था प्रभारी डॉ. नीरज श्रीवास्तव, निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, अनुशासन और पारदर्शिता का सभी के द्वारा मूल्यांकन किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने परीक्षा की प्रक्रिया को संतोषजनक बताया और परीक्षा केंद्र पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण उपरांत सभी अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय अनूपपुर से डॉ नीरज श्रीवास्तव,परामर्शदाता श्रीमती शारदा चौरसिया, श्रीमती शिवानी सिंह, नवांकुर संस्था सर्व जन सुखाय से श्रीमती विमला, लालिमा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति अनूपपुर अध्यक्ष अनिल सिंह परिहार एवं अन्य सदस्यों की सहभागिता रही उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण के महत्व और वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रेरणादायक बातें भी साझा की गई।

## ट्रेन दुर्घटना में वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन के पास दो की मौत



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर-बिलासपुर रेल मार्ग अंतर्गत वेंकट नगर और निगौरा रेलवे स्टेशन के पास दो अलग अलग जगहों मे दो व्यक्तियों के शव रेलवे लाइन पर पडे होने की जानकारी मिलने पर जैतहरी और वेंकट नगर चौकी पुलिस घटना स्थल पर जाकर शवों को अपने कब्जे मे लिया। वेंकटनगर के पास मिले शव के पास से हीराकुंड एक्सप्रेस की लुधियाना से चांपा की टिकट पाई गई है, मृतक का नाम सुमंदा दास पिता भोंदू दास निवासी जांजगीर चांपा जो संभवतः लुधियाना से अपने गांव चांपा लौटते वक्त वेंकटनगर के पास ट्रेन से गिरने से मौत हो गई वही निगौरा के पास मिले दूसरे शव के बारे मे 41 वर्षीय सुंदर कुशवाहा निवासी निगौरा बताया जा रहा है। इस मौत के बारे मे पुलिस को आशंका है कि वह चलती ट्रेन से टकरा गया था। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले मे स्पष्ट तौर पर कुछ कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है परिजनों को सूचना दे दी गई है। जांच के बाद तथ्य सामने आने पर कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक

## 15-15 दिन में गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों की थाना परेड कराने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 19 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागर में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मुख्यतः जिले के लंबित अपराध, धारा 173 (8) जा फौ, एससी/एसटी के लंबित अपराधों, माईनर एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक समीक्षा, CEIR Portal पर दर्ज गुम मोबाईल संबंधी शिकायतों, रिकवर मोबाइलों की समीक्षा, eSakshya App, eRakshak App. MedLeaPR Software, eVivechna App, eProsecution Portal पर की जाने वाली कार्यवाही की धानावार समीक्षा कर त्वरित कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा eSakshya App के माध्यम से माईनर एक्ट की कार्यवाही करने व वीडियो फुटेज तैयार करने में ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार eVivechna App के माध्यम से अधिक से अधिक एम.एल.सी. फार्म टेबलेट से ही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा CEIR Portal पर दर्ज गुम मोबाईल संबंधी शिकायतों, रिकवर मोबाइलों की समीक्षा करते हुए रिकवर मोबाईलों के संबन्ध में प्रेस नोट प्रकाशित कराये जाने के निर्देश दिये गये। eRakshak App के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि इस ऐप के माध्यम से न्यायालय से ऑन लाईन प्राप्त होने वाले समन, वारण्टों की तामीली ऐप के माध्यम से कराने व इस ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने व थाना प्रभारियों को प्रतिदिन अपने मोबाईल में ई-रक्षक ऐप के माध्यम से प्राप्त समन वारण्टों की स्थिति चेक करने व तामीली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा eProsecution Portal के सबन्ध थाना प्रभारियों को अपराधिक प्रकरणों में डी. पी.ओ से चाहे जाने वाले अभिमत पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।




### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नवीन अपराधिक अधिनियम के संबन्ध में बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता कार्यक्रम थाना स्तर पर सेमीनार आयोजित कर विक्टिम को क्या सपोर्ट मिल रहा है इसके संबन्ध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये। माईनर एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को माईनर एक्ट के अंतर्ग आबकारी एक्ट, एम.व्ही एक्ट की कार्यवाही करने एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में धारा 110 जा. फौ की कार्यवाही में कमी होने से धारा 110 जा.फौ. में वृद्धि करने के निर्देश दिये गये। एससी/एसटी एक्ट के लम्बित मामलो की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिये कि वास्तव में जो फरियादी एस.सी./एस.टी. में आते हैं उनके जाति प्रमाण पत्र बनाये जाना सुनिश्चित करें। इन प्रकरणों में एस डी एम से सम्पर्क करके जाति प्रमाण पत्र बनवाये जाना सुनिश्चित करें। जो प्रकरण खारिजी योग्य है उनमें स्पष्ट कारण हेतु खारिजी हेतु प्रकरण भेजे। ऐसे अपराध जो 60 दिवस से अधिक समय से लम्बित है उन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करायें।

### चरित्र सत्यापन कराये जाने का भी निर्देश

पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों में बढ़ती जप्ती वाहनों की संख्या को देखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को ऐसे वाहन जो धारा 102 जा. फौ, पुलिस एक्ट या अपराध में जप्त है उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिये गये ताकि जप्ती माल के निकाल हेतु त्वरित कार्यवाही की जा सके। रेत माफिया, शराब माफिया, क्रेशर, खदान, कोल वासरी, शराब दुकान, पेट्रोल पंप आदि कामर्सियल संस्थानों में कार्यरत लोगों की सूची तैयार कर उनके चरित्र सत्यापन कराये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया । नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत कुछेक थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही अच्छी कार्यवाही की गई है अन्य थाना प्रभारी भी नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र की सभी दुकाने रात्रि 11:30 बजे तक बंद करायें इसके बाद रात्रि गस्त रवाना करें। रात्रि में असामाजिक तत्वों के अनावश्यक घूमते पाये जाने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करायें। पुलिस अधीक्षक द्वारा शराब की पैकारी कराने वाले व्यक्तियों व शराब ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने व शराब माफियाओं द्वारा जिन वाहनों से पैकारी कराई जा रही है उनके वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों की थाना परेड 15-15 दिन में कराने के निर्देश दिये गये।

### ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से जन जागरूकता रखें जारी

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी यातायात एवं ट्राफिक चौकी प्रभारी फुनगा को निर्देशित किया गया कि ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने व धारा 185 एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी अजाक को जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एस.सी. / एस.टी. एक्ट के प्रावधानों के बारे में जागरूक कराने के निर्देश दिये गये।